# रिकॉर्ड: ओडीओपी के 75 उत्पादों पर डाक टिकट जारी

## पहल

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) के नाम बुधवार को एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।

दुनिया में पहली बार डाक विभाग ने एक साथ ओडीओपी के 75 उत्पादों पर आधारित डाक टिकट जारी किए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड दुनिया में 32 डाक टिकट का ही है। इस पहल से अब ओडीओपी की ब्रांडिंग वैश्विक स्तर पर और देश में भी मजबूत होगी। इससे प्रदेश के परंपरागत उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। साथ ही कारीगरों को भी लाभ मिलेगा।

सीएम योगी ने प्रदेश में पहली बार परंपरागत उत्पादों को नई पहचान देने के लिए ओडीओपी की शुरुआत 2017 में की थी। परंपरागत उत्पादों का जिले स्तर पर चयन किया गया और कारीगरों को वैल्यू एडिशन के लिए लोन से लेकर आर्थिक सहायता भी मुहैया कराई गई। साथ ही जिन जिलों में इन लिफाफों को भेजा जाएगा, उन जिलों के लोगों को भी संबंधित जिले के उत्पादों की जानकारी होगी।

## उपलब्धि

- ओडीओपी डाक टिकट का सरकारी कार्य में किया जाएगा उपयोग
- अफसरों को जल्द जारी किया जाएगा आदेश

## यूपी की ब्रांडिंग होगी: डॉ. नवनीत सहगल

एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि हर जिले के डाक विभाग में उसी जिले का ओडीओपी डाक टिकट मिलेगा। ओडीओपी डाक टिकट का उपयोग सरकारी कार्य में भी किया जाएगा। इसके लिए अफसरों को जल्द निर्देश जारी किए जाएंगे। इस अभिनव प्रयोग से एक ओर ओडीओपी की ब्रांडिंग होगी। दूसरी तरफ ओडीओपी कारीगरों को भी इसका लाभ मिलेगा। साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपी की भी ब्रांडिंग होगी।